बरेली, मंगलवार
4 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4+18

# दैनिक जागरण

PAGE N O :II MIDDLE



प्रेमनिवास में लगे स्वास्थ्य शिविर में मौजूद एसआरएमएस की टीम • सौ.-संस्थान

## एसआरएमएस ने प्रेम निवास में लगाया स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

जासं, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ नर्सिंग के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने चौकी चौराहा स्थित प्रेम निवास में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। असिस्टेंट प्रोफेसर मयंक कुमार, नर्सिंग ट्यूटर रितिका और शांति के साथ बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम के 45 बच्चों ने प्रेम निवास में बुजुर्गों और बच्चों से उनके स्वास्थ्य के बारे में बातचीत कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। लोगों के स्वास्थ्य जांच कर फल भी बांटे गए। मयंक ने बताया कि यहां बुजुर्गों को भावनात्मक सहयोग करने के साथ ही सभी लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया। सभी को संतुलित आहार, छोटे मोटे घावों के प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई।